आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.03.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- लोक सभा के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू– द्वीपसमूह में कल पहले दिन किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कल राजकीय मुद्रणालय का दौरा किया।
- निकोबार ज़िले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयारियां की गई है।
- द्वीपसमूह में पिलोपेशिया सबसे छोटा मतदान केन्द्र होगा–इस केन्द्र में मतदाताओं की संख्या बारह है।
- आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र सीट के लिए पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया कल शुरू हो गई। उम्मीदवार सत्ताईस मार्च तक दिन में ग्यारह बजे से शाम तीन बजे के बीच निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अपने नाम जमा कर सकते हैं। उम्मीदवार स्वयं या उनके प्रस्तावक की ओर से निर्वाचन अधिकारी के अलावा दक्षिण अंडमान ए.डी.एम व सहायक निर्वाचन अधिकारी नन्दिनी महाराज के पास ज़िला उपायुक्त कार्यालय में कमरा नम्बर एक में नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस मार्च को दिन में ग्यारह बजे की जाएगी। उम्मीदवार तीस मार्च की शाम तीन बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। उन्नीस अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छः बजे के बीच द्वीपों में चुनाव कराया जाएगा।

इस बीच, कल नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने कल राजकीय मुद्रणालय का दौरा कर मतपत्र तथा डाक पत्र की छपाई और आपूर्ति के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल भी उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मशीन, बाइंडिंग और गज़ट अनुभाग तथा ऑफसेट यूनिट का दौर कर कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने छपाई जा रही चुनाव संबंधी गज़ट अधिसूचनाओं की प्रतियां भी देखीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न चुनाव संबंधी सामग्रियों की छपाई में समर्पित सेवा के लिए कर्मचारियों की सराहना की। इस दौरान राजकीय मुद्रणालय के प्रबंधक ने प्रेस की कार्य प्रणाली के बारे में उन्हें अवगत कराया। श्री बी एस जगलान ने राजकीय मुद्रणालय के प्रबंधक को चुनाव के सुचारू संचालन के लिए चुनाव सामग्री विशेषकर मतपत्र की समय पर छपाई और आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने कल अंडमान लॉ कॉलेज का दौरा कर छात्रों और कर्मचारियों से बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने कॉलेज के सभी छात्रों को एक जागरूक मतदाता बनने और उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव में बड़े पैमाने पर वोट डालने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को मतदाता सूची और निर्वाचक नियमावली में अपने नाम की जांच और सत्यापन करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने छात्रों को बताया कि वे अपना नाम वोटर हेल्पलाइन ऐप्प के माध्यम से देख सकते है। उन्होंने सभी युवा मतदताओं से उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव में मतदान करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयारियां की गई है। ज़िला उपायुक्त और उप–निर्वाचन अधिकारी ज्योति कुमारी ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि पिछले चुनाव में ज़िले में नब्बे प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था और इस बार भी रिकॉर्ड मतदान कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह की एकमात्र लोक सभा सीट के लिए चार सौ बारह मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से दक्षिण अंडमान में दो सौ तेईस, मध्योत्तर अंडमान में एक सौ बत्तीस और निकोबार ज़िले में सत्तावन मतदान केन्द्र है। इन सभी मतदान केन्द्रों में मतदान के दिन सभी जरूरी निश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। द्वीपसमूह में तीन लाख ग्यारह हजार आठ सौ दो मतदाता है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी. एस जगलान ने बताया कि बीस से तीस वर्ष आयु वर्ग के चौंसठ हजार एक सौ उनहत्तर मतदाता है।

इनमें से अट्ठारह से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के पांच हजार चालीस मतदाता है। पिचासी वर्ष से अधिक उम्र के एक हजार बयालीस मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। द्वीपों में दो हजार तीन सौ पचपन दिव्यांगजन मतदाता है। द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने तथा दूर–दराज के दुर्गम द्वीपों में भी मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कैम्पबेल बे के पिलोपेशिया में ऐसा ही एक मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां कुल बारह मतदाता है। इसके अलावा लॉफुल बे के मतदान केन्द्र में सिर्फ चौदह मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस बार के चुनाव में आदिम जनजाति के मतदाता भी वोट डाल सकते हैं। इनमें अट्ठानब्बे शोम्पेन मतदाता, अड़सठ ओंगी और उनतालीस अंडमानिस मतदाता है।

<><><><><><><>

तेरह मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां एक सौ से भी कम मतदाता है। अब तक भारतीय जनता पार्टी और मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की ओर से अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा चुकी है। आज नामांकन पत्र दाखिल करने का दूसरा दिन है।

<><><><><><><>

श्री सत्याजीत मंडल को अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का व्यय पर्यावेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग की ओर से उनकी नियुक्ति हुई है। श्री सत्याजीत मंडल साउथ प्वाइन्ट सर्किट हाउस के कमरा नम्बर एक सौ दो में दिन में दस बजे से ग्यारह बजे तक आम जनता से मुलाकात करेंगे और चुनाव खर्च से जुड़ी उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे। वे तेईस मार्च तक पोर्ट ब्लेयर में रहेंगे। पच्चीस मार्च से अटठारह अप्रैल तक वे दुबारा उपलब्ध रहेंगे।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस है। इस अवसर पर अपने संदेश में द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कहा कि यह दिवस जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और लाखों लोगों की आजीविका के लिए आवश्यक सभी प्रकार के वनों के महत्व के विषय में जागरूकता बढ़ाता है, जो भोजन, आश्रय और आय के लिए उनपर निर्भर है। उन्होंने कहा वन न केवल हमारी बहुमूल्य सम्पत्ति है, बल्कि हमारी धरती पर जीवन की गारंटी भी हैं, क्योंकि ये जीवन सहायक पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते है और मृदा तथा जल संरक्षण, कार्बन भंडार और स्वच्छ हवा प्रदान करने में योगदान देते है।

इसके अलावा भू–स्खलन, हिमस्खलन जैसे प्राकृतिक खतरों से सुरक्षा प्रदान करते है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ये नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है। वनों के संरक्षण के समक्ष आज कई चुनौतियां है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ नवीन सोच और रचनात्मक विचारों को जोड़ने की आवश्यकता है। इसके अलावा हमें अपने वन क्षेत्र और वनों की गुणवत्ता बढ़ाने की भी आवश्यकता है। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों से पर्यावरण के विषय में जागरूकता बढ़ाने और मिलकर काम करते हुए वनो के हित्त के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करने का अनुरोध किया। उन्होंने द्वीपवासियों से द्वीपों की समृद्ध जैव विविधता को सुरक्षित संरक्षित और पुर्नस्थापित करने के लिए योगदान देने की अपील करते हुए प्रशासन के प्रयासो में सहयोग देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अंडमान लॉ कॉलेज का दौरा करने और विद्यार्थियों से बातचीत में उनसे मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। मध्योत्तर अंडमान जिले में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कानून और व्यवस्था को बेहतर बनाने और कड़ी निगरानी बरते जाने के समाचार को– द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। अमेरिकी तटरक्षक जलयान के द्वीपसमूह में भारतीय तटरक्षक के साथ दो दिवसीय अभ्यास के बाद पोर्ट ब्लेयर से रवानगी के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल और द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी करने के समाचार को– इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने इस खबर को अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>